1 आया वसंत

पाठ-प्रवेश

- बच्चो, क्या आप जानते हैं कि भारत में मुख्य रूप से कितनी ऋतुएँ हैं ? भारत में मुख्य रूप से छह ऋतुएँ हैं वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत और शिशिर।
- आइए, आज हम एक कविता द्वारा वसंत ऋतु के बारे में जानेंगे।



आया वसंत, आया वसंत।
छाई जग में शोभा अनंत।

सरसों खेतों में उठी फूल,
बौरें आमों में उठीं झूल,
बेलों में फूले नए फूल,
पल में पतझड़ का हुआ अंत,
आया वसंत, आया वसंत।

लेकर सुगंध बह रही पवन,
हरियाली छाई है वन-वन,
सुंदर लगता है घर-आँगन,
है आज मधुर सब दिग-दिगंत,
आया वसंत, आया वसंत।

Scanned with CamScanner

भौंरे गाते हैं नया गान,
कोकिला छेड़ती कुहू तान,
हैं सब जीवों के सुखी प्राण,
इस सुख का हो अब नहीं अंत,
आया वसंत, आया वसंत।

—*सोहनलाल द्विवेदी*

माइंड मैप

आया वसंत

1 **क्या छा जाती है ?**
- शोभा

2 **क्या खिलने लगता है ?**
- सरसों में फूल
- आमों में बौर
- बेलों में फूल

3 **किसका अंत हुआ ?**
- पतझड़ का

4 **प्रकृति में क्या बदलाव आए ?**
- पवन में सुगंध भर गई
- वनों में हरियाली छा गई

प्राणियों में क्या बदलाव आए ?
- कोकिला कुहू तान छेड़ती है
- जीवों में सुख का संचार हुआ

Scanned with CamScanner

बाल भारती पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा

अधिन्यास पत्र कक्षा - तीसरी

{विषय - कविता} उपविषय - 'आया वसंत'

पाठ - 1 - कविता - 'आया वसंत' कवि: सोहनलाल द्विवेदी

'केवल पठन एवं वाचन'

उद्देश्य :-
- उत्साह, प्रकृतिप्रेम, प्रसन्नता मूल्यों का विकास करेंगे।
- बच्चे ऋतुओं के बारे में जानेंगे व अपने विचार व्यक्त कर सकेंगे।

भाव :-
- इस कविता में कवि ने वसंत ऋतु के बारे में बताया है। वसंत ऋतु आने पर जग की शोभा बढ़ जाती है।
- यह ऋतु खुशियाँ और सुख लेकर आती है।

सार :- कवि हमें वसंत ऋतु के समान ऊर्जावान बनने की प्रेरणा दे रहे हैं।

अब आपकी बारी :
- कविता को ऊँचे स्वर में बोलते हुए याद करिए।
- ए-4 शीट पर अपनी प्रिय ऋतु का चित्र चिपकाइए व उस पर 4-5 वाक्य लिखिए।

Scanned with CamScanner